हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 26 नवम्बर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


4 तस्कर बेखौफ होकर कर रहे हरे-भरे इमारती पेड़ों की कटाई





SWAMI VIVEKANAND UNIVERSITY
SIRONJA, SAGAR - (M.P.)
EDUCATION
D.Ed. B.Ed. B.Ed. (Part Time 3 Yrs)
B.Ed + M.Ed (Integ. 3 Yrs)
B.A + B.Ed (Integ. 4 Yrs)
B.P.Ed., M.P.Ed., M.Ed
CAMPUS : N.H.26, NARSINGPUR ROAD, SIRONJA, SAGAR (M.P.)
सिटी ऑफिस - द्वितीय तल, निगम टॉवर सिसोदिया कॉलोनी, एक्सचेंज रोड, गुना (म.प्र.)
8839281593, 9111656144

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर


### 2550 घन मीटर लकड़ी का परिवहन भी पूर्ण

# एनएच 343 निर्माण के लिए काटे गए 13 हजार से अधिक पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राष्ट्रीय राजमार्ग 343 की सड़क निर्माण कार्य के लिए पेड़ों की कटाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वन विभाग ने मार्ग में पड़ने वाले चिन्हांकित कुल 13 हजार 300 पेड़ों की कटाई की है। काटे गए पेड़ों से वन विभाग को कुल 26 सौ घन मीटर लकड़ी मिली है जिसके परिवहन का कार्य भी लगभग पूर्णता की ओर है। वन विभाग ने सड़क निर्माण हेतु भूमि राष्ट्रीय राजमार्ग के हैंड ओवर कर दी है और अब विभाग की ओर से निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू किए जाने का इंतजार है।

**खास बात**

- ककटाई पूर्ण होने के बाद किया गया हैंडओवर, अब विभाग की ओर से कार्य शुरू करने का इंजतार

बता दें कि अंबिकापुर से रामानुजगंज के बीच मौजूद एनएच 343 के निर्माण हेतु शासन से 21 अप्रैल 2022 को स्वीकृति मिली है। एनएच राजपुरी खुर्द से पाढ़ी के बीच 49 किलोमीटर सड़क के लिए 397.44 करोड़, बड़की महरी से रामानुजगंज के बीच 29.430 किलोमीटर सड़क के लिए 199.05 करोड़ व संजय नगर से राजपुरीखुर्द के बीच 13.700 किलोमीटर बाईपास सड़क निर्माण हेतु 149.94 किलोमीटर सड़क निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। सड़क निर्माण के लिए सबसे बड़ी चौकी मार्ग में पड़ने वाले पेड़ों की कटाई थी। फारेस्ट क्लियरेंस नहीं मिलने के कारण तीन वर्षों से काम लंबित पड़ा हुआ था। लम्बी प्रक्रिया व वर्षों के इतंजार के बाद शासन से जांजगीर चांपा में भूमि उपलब्ध कराने जाने और 24 करोड़ रुपए कि राशि जमा करने के बाद फारेस्ट क्लियरेंस मिला। शासन से अनुमति मिलने के बाद पेड़ों की कटाई का कार्य शुरू किया गया था। इस दौरान बारिश के समय काम


⏭ शेष पेज 4 पर




एनएच किनारे पेड़ों की कटाई करते।

## सेंचुरी क्षेत्र में नहीं कटेंगे पेड़

बड़ी बात यह है कि एनएच पर निर्माण के लिए कुल 14 हजार पेड़ों का चिन्हांकन किया गया था लेकिन इनमें से लगभग 700 पेड़ सेमरसोत अभ्यारण्य क्षेत्र में आते है और अभ्यारण्य क्षेत्र में मौजूद पेड़ों की कटाई के लिए फिलहाल अनुमति नहीं मिली है इस लिए इन पेड़ों की कटाई भी नहीं होगी। विदित हो कि एनएच के बीच लगभग 22 से 25 किमी का जंगल रिजर्व फारेस्ट है। अंबिकापुर से रामानुजगंज के बीच सेमरसोत अभ्यारणय वाले भाग में विभाग ने भी सड़क निर्माण का कोई प्रस्ताव फिलहाल नहीं बनाया है।

### जांजगीर-चांपा में होगा पौधरोपण

सड़क निर्माण के बीच आने वाले फॉरेस्ट लैंड को लेकर सबसे बड़ी चुनौती फॉरेस्ट लैंड के बदले दूसरी जमीन वन विभाग को उपलब्ध कराना था। सरगुजा संभाग में इतनी बड़ी भूमि उपलब्ध नहीं हो पा रही थी। महीनों तक चले प्रयास के बाद जांजगीर चांपा जिले में फॉरेस्ट क्लीयरेंस के लिए भूमि उपलब्ध कराई गई है। जांजगीर चांपा जिले में कुल 104.378 हेक्टेयर भूमि का चिन्हांकन किया गया है। इसमें फारेस्ट रेंज के नवागढ़ तहसील अंतर्गत मुदपर में खसरा नंबर 657/1 में 17.612 हेक्टेयर, बलोदा के पामगढ़ अंतर्गत बोरसी में खसरा नंबर 952/1 में 33.698 हेक्टयेर, बलोदा के जारवे में खसरा नंबर 230/1, 230/2, 257/1 में 18.249 हेक्टेयर, चांपा रेंज के कोसमंडा अंतर्गत खसरा नंबर 892/1 में 4.980 हेक्टेयर व खसरा नंबर 879 में 29.839 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराई गई है। उक्त भूमि पर एनएच के लिए काटे गए पेड़ों के स्थान पर पौधरोपण किया जाएगा।

### कहां कितना फॉरेस्ट एरिया

एनएच 343 पर सड़क निर्माण दो खंड में किया जाना है और बाईपास का काम भी अलग से स्वीकृत है। एनएच 343 में राजपुरीखुर्द से पाढ़ी बीच कुल 49 किलोमीटर की सड़क में फारेस्ट का जंगल 18.635 किलोमीटर है जिसमें 50.201 हेक्येटर का जंगल प्रभावित हो रहा है। इसी तरह बड़की महरी से रामानुजगंज के बीच 29.430 किमी सड़क में 12.28 किमी जंगली क्षेत्र है। इनमें 42.254 हेक्टयेर जंगल प्रभावित हो रहा है जबकि संजयनगर से राजपुरीखुर्द के बीच 13.700 किमी सड़क में 2.869 किमी जंगल है और 9.869 हेक्येटर जंगल प्रभावित हो रहा है। कुल 92.13 किमी की सड़क में 102.324 हेक्येटर जंगल प्रभावित हो रहा है। इसमें भी बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 80.182 हेक्टेयर संरक्षित जंगल है। 6.376 हेक्टेयर रिजर्व फारेस्ट और 5.897 हेक्टेयर रेवेन्यू फारेस्ट है। पेड़ों की कटाई और नए सिरे से पौधरोपण के लिए 24 करोड़ 70 लाख रुपए का प्रस्ताव बनाकर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को भेजा गया था और उसके बाद शासन से यह राशि जारी की गई।

### पूर्ण हो गई है कटाई

पेड़ों की कटाई का कार्य पूर्ण हो गया है। 14 हजार चिन्हांकित पेड़ों में से 700 पेड़ सेंचुरी क्षेत्र में है इसलिए उनकी कटाई फिलहाल नहीं होगी। शेष पेड़ काटे जा चुके है और 2550 घन मीटर लकड़ी का परिवहन हो चुका है। भूमि एनएच को हैंड ओवर कर दिया गया है।

-आलोक कुमार वाजपेयी
डीएफओ

# लिफ्ट देने के बहाने महिला से सूने जंगल में दो लाख के जेवर और नकदी की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



लिफ्ट देने के बहाने महिला के साथ लूटपाट का मामला सामने आया है। स्कूटी सवार युवक ने महिला को बाइक पर लिफ्ट दी और फिर सूने जंगल में जान से मारने की धमकी देकर दो लाख रुपए के जेवर, 10 हजार रुपए नगदी लूटकर फरार हो गया। महिला ने इस घटना की शिकायत पुलिस से की है जिसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी गई है।

बताया जा रहा है कि बैकुंठपुर निवासी 48 वर्षीया शीला सोनी कोतवाली थाना क्षेत्र के मानी में शादी समारोह में शामिल होने आई थी और शादी से निकलकर वापस घर जाने के लिए निकली थी। महिला अंबिकापुर से कोरिया पटना की ओर जाने वाली बस का इन्तजार कर रही थी। इसी दौरान एक स्कूटी सवार युवक ने उससे बातचीत की और लिफ्ट देने का प्रस्ताव दिया। महिला भी अज्ञात स्कूटी सवार के झांसे में आ गई और स्कूटी पर बैठ गयी। मानी क्षेत्र के सुनसान इलाके में पहुंचते ही अज्ञात लुटेरे ने महिला को वाहन से नीचे उतार दिया और फिर उसे जान से मारने की धमकी देकर उसके पास मौजूद लगभग 2 लाख रुपए के सोने के जेवर, 10 हजार रुपए नगदी लूटकर फरार हो गया। इधर घटना के बाद महिला किसी तरह पैदल पास के गांव में पहुंची और परिजन को इसकी सूचना दी। महिला ने परिजन के साथ मामले की शिकायत पुलिस से की है। बताया जा रहा है कि आरोपी स्कूटी सवार महिला को पीछे बिठाकर पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने गया था। पेट्रोल पंप के साथ ही अन्य स्थानों पर आरोपी सीसीटीवी में कैद हो गया है। इस घटना के बाद क्षेत्र में रोष का माहौल है। बड़ी बात यह है कि लुटेरे अकेली महिलाओं को निशाना बना रहे है और संभावना जताई जा रही है कि आरोपी भी महिला का पहले से पीछा कर रहा था। पुलिस का कहना है कि आरोपी की जल्द पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी। कोतवाली पुलिस टीम लगातार सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और संभावित ठिकानों की तलाश की जा रही है।

### ऑटो और बाइक में आमने सामने भिड़ंत, एक ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम डिगनगर निवासी जोखू घासी आ. राधा घासी अन्य लोगों के साथ 22 नवम्बर को लुंड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम उदारी परिचित के यहां दशकर्म कार्यक्रम शामिल होने ऑटो से जा रहे थे। जैसे ही चालक ऑटो लेकर ग्राम कुंदी कला मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से आमने सामने भिड़ंत हो गई। बाइक व ऑटो की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो सवार जोखू घासी गंभीर रूप से जबकि बाइक व ऑटो सवार अन्य लोगों को मामूली चोटे आई। परिजन ने घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात घायल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## खबर संक्षेप

### एसआईआर कार्य में लापरवाही पर सहायक शिक्षक निलंबित

**अम्बिकापुर।** एसआईआर कार्य में लापरवाही पर डीईओ ने सहायक शिक्षक को निलंबित कर दिया है। उदयपुर विकासखंड संकुल समन्वयक मरेया से मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 अंबिकापुर के अंतर्गत निर्वाचक नामावली 2025 के विशेष पुनरीक्षण कार्य के हेतु मरेया शासकीय प्राथमिक शाला के सहायक शिक्षक देवेन्द्र कुमार पैकरा को मतदान केन्द्र क्रमांक 282 मरेया में अविहित अधिकारी नियुक्त किया गया था। मतदान केंद्र के बीएलओ तथा ग्राम स्तर से प्राप्त शिकायतों एवं तहसीलदार लखनपुर द्वारा भेजी गई सूचना में यह उल्लेख किया गया है कि श्री पैकरा द्वारा निर्वाचन संबंधी एसआईआर कार्यों में अपेक्षित सहयोग नहीं किया जा रहा है तथा उनके विरुद्ध व्यवहार एवं कार्य निष्पादन से संबंधित गंभीर आरोप प्राप्त हुए हैं। उपरोक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए तथा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर सहायक शिक्षक देवेन्द्र कुमार पैकरा को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम-9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी उदयपुर निर्धारित किया गया है।

### उपभोक्ता साक्षरता शिविर सीतापुर में 29 को

**अंबिकापुर।** उपभोक्ता संरक्षण कानूनों के प्रति जागरूकता एवं ई फाईलिंग, ई हेयरिंग आदि के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग सरगुजा द्वारा 29 नवम्बर को दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक सीतापुर जनपद पंचायत के सभागृह में उपभोक्ता साक्षरता शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# युवक पर आधा दर्जन से अधिक युवकों ने किया जानलेवा हमला, गंभीर



**अम्बिकापुर।** शहर में मारपीट करने की घटना थमने का नाम नहीं ले रहा। बीती रात पुनः खरसिया चौक के समीप एक युवक पर आधा दर्जन से अधिक युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुए युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर घटना की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने चौक समीप सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार दर्रीपारा निवासी आदर्श साहू अपने साथियों के साथ बीती रात बिरयानी खाने खरसिया चौक समीप होटल में गया था। युवक होटल के समीप खड़ा था तभी आधा दर्जन से अधिक युवक मौके पर पहुंचे और युवक के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। अचानक मारपीट होने से अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। इस बीच घटना को देख दोस्तों ने बीच बचाव करने का प्रयास किया ले किन युवकों ने उनके साथ भी हाथापाई की। जिसके बाद सभी युवक मौके से फरार हो गए। इधर मारपीट से गंभीर हुए युवक को उसके दोस्तों ने बाइक से तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां घायल हो उपचार जारी है। इधर घटना की शिकायत पर पुलिस ने घटनास्थल के आसपास सीसी टीवी कैमरा का फुटेज खंगाला तो आधा दर्जन से अधिक युवक मारपीट करते नजर आए। बहरहाल परिजन की शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### यूपी का धान परिवहन कर रहे तीन पिकअप जब्त

**अबिकापुर।** प्रशासन की संयुक्त टीम ने रामचंद्रपुर तहसील अंतर्गत अलग-अलग तीन स्थानों पर समितियों में खपाने के उद्देश्य से यूपी से धान परिवहन कर रहे तीन पिकअप को जब्त किया है। तीनों पिकअप से 205 बोरी अवैध धान मिला है। सीमावर्ती क्षेत्रों में जगह-जगह जांच चौकी स्थापित करने के बावजूद कोचिए जंगल के रास्ते पड़ोसी राज्यों का धान मंगा रहे हैं। बीती रात राजस्व, खाद्य विभाग एवं मंडी की संयुक्त टीम ने ग्राम झारा, डूमरपान एवं धौरा में यूपी का धान परिवहन कर रहे तीन पिकअप को जब्त किया है। पिकअप चालकों द्वारा धान के संबंध में दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने पर जब्ती की गई है। जब्त पिकअप क्रमांक यूपी 64 सीटी 3607, यूपी 64 सीटी 3065 में 70-70 बोरी जबकि बिना नम्बर के नए पिकअप में 65 बोरी धान का परिवहन किया जा रहा था। जब्त वाहनों को पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

### शिकायत के बाद पुलिस ने तस्कर को पकड़ा, थाने से पूछताछ के बाद छोड़ा, ग्रामीणों ने लगाई न्याय की गुहार

# पैसों का लालच देकर काम कराने ले गया अंडमान, दी सिर्फ आधी मजदूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर



मानव तस्कर के झांसे में आकर बाहर काम करने गए पिता पुत्र को साल भर काम कराने के बाद पैसा देने से मना कर दिया। साल भर बाद मानव तस्कर दोबारा गांव आया तब पीड़ति पक्ष ने उसके विरुद्ध थाने में सूचना देकर पुलिस से पैसा दिलाने की गुहार लगाई। हैरानी की बात तो यह है कि पुलिस ने भी आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीणों को मजदूरी दिलाने के बजाए निराश किया। पुलिसकर्मी मानव तस्कर को पकड़कर थाने ले गया लेकिन ग्रामीणों की मदद करने के बदले उसने तस्कर को छोड़ दिया। ऐसे में अब पीड़ति पक्ष काफी आहत है।उसने पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से सहयोग की मांग की है। बताया जा रहा है कि ग्राम गिरहुलडीह बनई निवासी पदुम चौहान मानव तस्कर संतु बंगाली के झांसे में आकर अपने दो बेटे मनोज एवं प्रदीप के साथ जनवरी 2023 में काम करने अंडमान निकोबार गया हुआ था। काम के बदले मानव तस्कर संतु बंगाली ने तीनों को एक साल में डेढ़ लाख रुपए देने का वादा किया था। साल भर काम करने के बाद जब पिता पुत्र ने घर आने की इच्छा जताई और उससे पैसे मांगे तब उसने नगदी एवं सामान मिलाकर कुल 70 हजार रुपए दिए। पदुम ने जब पूरे पैसों की मांग की तब वो आनाकानी करने लगा और कहने लगा कि तुम लोगों ने पूरा पैसा ले लिया है। संतु बंगाली द्वारा बाकी पैसा देने से मना करने के बाद तीनों पिता पुत्र अपने गांव बनई वापस आ गए। एक साल बाद फिर से मानव तस्कर संतु बंगाली फिर से उन्हें अपने झांसे में लेकर काम कराने के लिए लेने पहुंचा था। इस दौरान ग्रामीणों ने अपने बकाया पैसों की मांग की तो तस्कर ने उन्हें पूरा पैसा पहले ही देने की बात बोलकर बचे हुए पैसे देने से इनकार कर दिया ऐसे में ग्रामीणों ने मामले की शिकायत पुलिस सकी थी। शिकायत के बाद पुलिस मानव तस्कर संतु को लेकर थाने आई लेकिन पीड़ति पक्ष की ये उम्मीद उस वक्त टूट गई जब पुलिस ने संतु बंगाली को कुछ देर थाने में बिठाने के बाद छोड़ दिया। थाने से छूटते ही मानव तस्कर संतु बंगाली गांव पहुंचा और दूसरे दिन गांव छोड़कर फरार हो गया। मानव तस्कर को पकड़ने के बाद भी पुलिस द्वारा बकाया राशि दिलाने के बजाए उसे छोड़ दिए जाने से पीड़ति पक्ष काफी आहत है। उन्होंने पुलिस पर एकतरफा कार्यवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि पीड़ति को न्याय दिलाने के बजाए पुलिस दोषी को बचाती नजर आई। जिसका लाभ उठाते हुए मानव तस्कर गांव छोड़कर भागने में सफल रहा। पीड़ति पक्ष ने इस संबंध उच्चाधिकारियों से सहयोग की मांग की है ताकि पुलिस के डर से शायद उनका मजदूरी का डूबा हुआ पैसा वापस मिल सके।

### बेटी की शादी के लिए जुटा रहा था पैसे

ग्राम गिरहुलडीह बनई निवासी पदुम चौहान का परिवार बेहद गरीब है। गरीबी का अभिशाप झेल रहे पदुम की पत्नी गरीबी की वजह से उसे छोड़कर चली गई। इसी वजह से मजदूरी कर जीवन से यापन करने वाला पदुम बेटों संग कमाने अंडमान निकोबार गया था जहां से एकमुश्त कमाई करने के बाद उसे जमा करता ताकि अपनी बेटी की शादी कर सके। हालांकि उसकी बेटी अभी नाबालिग है लेकिन साल भर बाद वो शादी के लायक हो जायेगी। यही चिंता उसे सताए जा रही थी जिसकी वजह से घर छोड़कर पिता पुत्र कमाने बाहर चले गए थे लेकिन मानव तस्कर ने पदुम के सारे अरमानों पर पानी फेर दिया रहा सहा कसर पुलिसकर्मी ने पूरा कर दिया।

### चल रही है जांच

मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम को गांव में भेजा था लेकिन तब तक वो गांव छोड़कर जा चुका था। हमारी कोशिश होगी कि पीड़ति पक्ष को न्याय मिल सके। मामले की जांच चल रही है।

-राजेंद्र मंडावी, एसडीओपी


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसीवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज़ शांति नगर, 84. वीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाज़ारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेवरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण**- 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साईं आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्यांश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता- रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. वैभव यादव पिता/पति- विरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण**- 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

## किसानों की समस्याओं का तुरंत हो समाधान

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले में किसानों की सुविधा और धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से कांग्रेस किसान समिति द्वारा धान खरीदी केन्द्र बैंगपुर में निगरानी/किसान सहयोग समिति का गठन किया गया है। इस संबंध में जिलाध्यक्ष किसान कांग्रेस उपेन्द्र द्विवेदी द्वारा आदेश जारी किया गया है। प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष रामदास मिश्रा के निर्देश पर गठित इस समिति का प्रमुख उद्देश्य खरीदी केन्द्र में होने वाली सभी गतिविधियों की निगरानी, किसानों की समस्याओं का तुरंत समाधान तथा खरीदी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करना है। जारी पत्र के अनुसार चैनपुर धान खरीदी केन्द्र के लिए गठित समिति में चार सदस्य शामिल किए गए हैं। इनमें महेन्द्र सिंह, अश्विनी सिंह, अनुज कुमार रवि तथा शिवराम को सम्मिलित किया गया है। सभी सदस्यों को किसानों की सहायता, तौल व्यवस्था की पारदर्शिता, फड़ संचालन और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता पाए जाने पर तत्काल सूचना देने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति के सदस्यों के मोबाइल नंबर भी जारी किए गए हैं, जिससे किसान सीधे संपर्क कर अपनी समस्याएं या सुझाव दे सकें। पत्र में खरीदी केन्द्र प्रभारी से अपेक्षा की गई है कि वे समिति को आवश्यक सहयोग प्रदान करें, ताकि खरीदी कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा न आए। जिले में चल रही धान खरीदी प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए समिति का गठन एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। किसानों का मानना है कि समिति के गठन से उन्हें खरीदी केन्द्रों पर बेहतर व्यवस्था और सहायता मिलेगी। किसान संगठन का कहना है कि समिति की सक्रियता से खरीदी केन्द्रों में पारदर्शिता बढ़ेगी और किसानों की परेशानियों का त्वरित निराकरण संभव होगा। धान खरीदी के इस महत्वपूर्ण सीजन में समिति की जिम्मेदारी और भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## स्काउट्स-गाइड्स का द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर शुरू



**बैकुण्ठपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया द्वारा 24 से 28 नवंबर तक 5 दिवसीय द्वितीय सोपान प्रशिक्षण सह जांच शिविर का आयोजन बैकुंठपुर, पटना, चरचा और बचरा के शिक्षण संस्थानों में किया जा रहा है। शिविर में लगभग 550 स्काउट-गाइड शामिल हुए हैं। शिविर में प्रतिभागियों को गांठ-कौशल, प्राथमिक उपचार, झंडा नियम, कंपास, टेंट व मचान निर्माण, हाइकिंग, बिना बर्तन खाना बनाना, पायनियरिंग, ध्वज ज्ञान सहित सभी आवश्यक स्काउटिंग कौशलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व, चरित्र निर्माण और सेवा-भाव विकसित कर उन्हें आदर्श नागरिक बनाने की दिशा में कार्य करती है। शिविर संचालन में निशा खान, जानकी ध्रुव, सुनील बड़ा, रविन्द्र पैकरा सहित विभिन्न प्रशिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खलासा, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी और जिला पदाधिकारियों ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## भारतीय पनिका समाज की बैठक



**बैकुण्ठपुर।** भारतीय पनिका समाज जिला इकाई कोरिया की आवश्यक बैठक सामाजिक भवन खोड़री में जिलाध्यक्ष राजाराम जाता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संभागीय अध्यक्ष रामधन देवांगन विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में समाज के विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समाज द्वारा 8 दिसंबर को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी काला दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर काला फीता लगाकर रैली एवं आमसभा निकाली जाएगी तथा महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। समाज ने पुनः दोहराया कि वर्ष 1971 के पूर्व पनका/पनिका समाज को अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्राप्त था, जिसे 8 दिसंबर 1971 को बिना कारण सूची से बाहर कर दिया गया। तब से समाज अपने अधिकारों के लिए संघर्षरत है और आगे भी संघर्ष जारी रहेगा। 8 दिसंबर को पूरे छग में एकसाथ रैली व ज्ञापन देकर एसटी दर्जे की मांग प्रमुखता से उठाई जाएगी। कार्यक्रम को विशाल रूप से सफल बनाने के लिए सभी जिला, ब्लॉक एवं ग्राम इकाइयों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में उपस्थित पदाधिकारी रामलाल टांडिया, मायाराम खंडे, बाबूलाल गोयन, चंद्रिका प्रसाद, विजेन्द्र मानिकपुरी, टाकेश्वर प्रसाद, बबीता ग्वाले, उमाशंकर बंटी, मनिलाल मानिकपुरी, कृष्ण कुमार बख्शाल, विजेन्द्र लाल सोनवानी, रवि चिकनजूरी, लालदास महंत सहित काफी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

### एसआईआर के लिए हुई समीक्षा बैठक

# संगठनात्मक अनुशासन को दें सर्वोच्च प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज : मनेन्द्रगढ़



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (ऐआईसीसी) की सचिव और छग कांग्रेस की सह प्रभारी सुश्री जरिता लैतफलांग सोमवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम की प्रगति का जायजा लेने मनेन्द्रगढ़ पहुंची।

विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर मतदाता सूची पुनरीक्षण और संगठनात्मक तैयारी को मजबूत करने के उद्देश्य से यह समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। सुश्री लैतफलांग ने बैठक की शुरूआत जिले में चल रही एसआईआर गतिविधियों, मतदाता सूची अद्यतन कार्य, तथा संगठनात्मक संरचना की वर्तमान स्थिति की जानकारी हासिल कर की। उन्होंने बूथ स्तर पर नियुक्त बीएलए की सक्रियता, वार्डों में फील्ड टीमों की उपलब्धता, मतदाता सूची में सुधार के लिए चल रहे घर-घर पुनरीक्षण कार्य और डिजिटल अपडेट की स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट ली। सह-प्रभारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आने वाले समय में निर्वाचन गतिविधियां और अधिक गतिशील होंगी। ऐसे में हर बूथ, वार्ड और ब्लॉक स्तर पर डेटा की शुद्धता और संगठनात्मक अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। समीक्षा बैठक में एसआईआर कार्य के लिए मनेन्द्रगढ़ ब्लॉक (शहर) प्रभारी और वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद स्वप्निल सिन्हा ने शहरी क्षेत्र की एसआईआर तैयारियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने मनेन्द्रगढ़ शहरी क्षेत्र के तहत आने वाले 27 बूथों की बूथवार स्थिति, बीएलए की तैनाती, मतदाता सूची में सुधार के लंबित कार्य, वार्ड स्तर पर जारी संपर्क अभियान और टीमों के फील्ड दौरे की जानकारी साझा की। स्वप्निल सिन्हा ने कहा कि संगठन ने जो विश्वास और जिम्मेदारी मेरे हाथों में सौंपी है, उसे मैं पूरी लगन, ऊर्जा और निष्ठा के साथ पूरा करूंगा। हमारा लक्ष्य है कि मनेन्द्रगढ़ शहरी क्षेत्र में एसआईआर प्रक्रिया को समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत सटीकता के साथ पूरा किया जाए। बूथ स्तर पर टीमवर्क को मजबूत कर हम सभी आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। उनकी प्रस्तुति पर सह-प्रभारी लैतफलांग ने सहमति जताते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और फील्ड टीमों को और अधिक सक्रिय करने पर जोर दिया। बैठक के दौरान सुश्री जरिता लैतफलांग ने कहा कि एसआईआर सिर्फ तकनीकी प्रक्रिया नहीं बल्कि संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने का अवसर है। बैठक में जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, युवक कांग्रेस के पदाधिकारी, बीएलए, पार्षद सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसआईआर कार्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, केन्द्रों की बिगड़ी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिले में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य एसआईआर जोर-शोर से किया जा रहा है। इस कार्य के लिए जिलेभर में शिक्षकों को बीएलओं बनाया गया है तथा इनके कार्यों के सहयोग के लिए भी शिक्षकों को लगाया गया है, इसके अलावा कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी बीएलओं के सहयोग के लिए लगाया गया है।

काफी संख्या में बीएलओं के लिए शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को इस कार्य में लगाए जाने से स्कूलों में जहां पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हो रही है, वहीं आंगनबाड़ी केन्द्रों में संचालित विभिन्न योजनाओं पर प्रभाव पड़ रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार कार्यक्रम भी सही ढंग से नहीं हो पा रहा है। इस तरह एसआईआर कार्य के चलते स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई के साथ आंगनबाड़ी केन्द्रों में नौनिहालों के प्राथमिक ज्ञान की पढ़ाई प्रभावित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेश पर जिले में बीते 4 नवंबर से मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है इसमें काफी संख्या में शिक्षक संलग्न किए गए हैं। आगामी 4 दिसंबर तक इस कार्य को पूरा करना है, इसलिए जोर-शोर से मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य जारी है। इस कार्य की प्रगति को लेकर प्रतिदिन अधिकारियों द्वारा रिर्पोटिंग ली जा रही है और कार्य कितना हुआ इसका प्रतिशत प्राप्त कर रहे हैं।

जिले में चल रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे बीएलओं एवं शिक्षकों को इस वक्त चैन नहीं है, सुबह से लेकर देर रात तक उन्हें कार्य करना पड़ रहा है। मतदाताओं से आवश्यक जानकारी प्राप्त करने से लेकर भरे हुए जानकारी को अपलोड किया जा रहा है। इस कार्य में इन दिनों बीएलओं एवं शिक्षक काफी व्यस्त है। अधिकारियों द्वारा बैठक लेना, प्रगति की जानकारी आदि को लेकर शिक्षक काफी दबाव में काम कर रहे हैं, क्योंकि समय-सीमा में यह कार्य पूरा करना है, लेकिन अधिकारी चाहते हैं कि जितना जल्दी हो सके कार्य को 100 प्रतिशत तय समय से पहले ही पूरा कर लिया जाए, इसके लिए शिक्षकों पर दबाव बढ़ गया है। सूत्रों के अनुसार इस कार्य में लापरवाही पर कई शिक्षकों को नोटिस जारी किया जा चुका है और नगरीय निकाय बैकुंठपुर क्षेत्र में कार्यरत कई बीएलओं के विरूद्ध नोटिस जारी किया जा चुका है।

### अगले माह विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं

आगामी माह दिसंबर में विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा होगी, इसका पूर्व से शैक्षणिक कलेंडर जारी कर दिया गया। इधर नवंबर के शुरू होने के साथ ही शिक्षकों को मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य में लगा दिया गया है, ऐसे में विद्यालयों में पढ़ाई प्रभावित हुई है, इसके बाद दिसंबर में सभी विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं भी होनी है, ऐसे में गुणवत्ता निश्चित रूप से प्रभावित होगी। इस पर शिक्षकों पर ही ठीकरा फोड़ा जाएगा।

### ज्यादातर विद्यालय एक शिक्षक भरोस

एसआईआर कार्य शुरू होने पर ज्यादातर प्राथमिक विद्यालयों में एक शिक्षक के भरोसे बीते 4 नवंबर से विद्यालय की कक्षाएं संचालित हो रही है। यही हाल कमोबेश मिडिल स्कूल का भी है, इसके चलते प्राथमिक और मिडिल स्कूलों में बीते 4 नवंबर से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हुई है। मतदाता सूची का कार्य महत्वपूर्ण कार्य में शामिल है, इस लापरवाही पर त्वरित कार्रवाई होती है यही कारण है कि शिक्षक एसआईआर कार्य में जी जान से जुटे हैं।

# वन भूमि पर अतिक्रमण, विभाग निर्माण कार्य को हटाया

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



वन मंडल मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत वन परिक्षेत्र खड़गवां क्षेत्र आरक्षित वनक्षेत्र में कक्ष क्रमांक 635 में बिलासपुर मुख्य मार्ग में ग्राम रतनपुर सड़क किनारे आरक्षित वन भूमि में अतिक्रमण का पक्का निर्माण कार्य कराया गया था, जिसे वन विभाग की टीम ने हटाया गया। जानकारी के अनुसार अतिक्रामक राजेन्द्र प्रधान पिता वीरेन्द्रनाथ निवासी खड़गवां को वन परिक्षेत्राधिकारी खड़गवां के द्वारा आरक्षित वन भूमि कक्ष क्रमांक 635 में रकबा 0 दशमलव 009 हे में अतिक्रमण किया गया था, जिस पर आरोपी के विरूद्ध नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था।

अतिक्रामक द्वारा प्रतिउत्तर नहीं दिया गया, इस पर वन अधिकार अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन्य निवासी अधिनियम 2006 एवं नियम 2007 के तहत भी अपात्र पाया गया। जिस पर नियमानुसार एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए बेखदली आदेश जारी किया गया और अवध निर्माण कार्य को हटाया गया। इसी तरह अतिक्रामक रामप्रसाद आ. बलराम निवासी रतनपुर के द्वारा आरक्षित वन भूमि कक्ष क्रमांक 635 में रकबा 0 दशमलव 010 हे. अतिक्रमण किया गया था तथा अतिक्रामक नागेन्द्र पिता सुलेमान निवासी कोडांगी ने आरक्षित वन भूमि कक्ष क्रमांक 635 में रकबा 0 दशमलव 003 हे. में अतिक्रमण किया था, जिन्हें विधिवत नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था और इन्होंने भी जवाब नहीं दिया, जिस पर अतिक्रामको द्वारा प्रतिउत्तर नहीं दिया गया, जिस पर अन अधिकार अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन्य निवासी अधिनियम 2006 एवं नियम 2007 के तहत भी अपात्र पाया गया, इस पर नियमानुसार एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार वन मंडलाधिकारी मनेन्द्रगढ़ के बेदखली आदेश के पालन में 3 अतिक्रामकों को हटाया गया और शेष सड़क के दूसरी तरफ स्थित अवैध मकानों में 7 अतिक्रामकों के विरूद्ध 17 नवंबर को पीआरओं जारी कर केस दर्ज किया गया, जिसमें नियमानुसार नोटिस और बेदखली की कार्रवाई की जाएगी।

# नवीन कॉलेज में जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजन

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं सारगर्भित व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीतः ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान रहा, जिसके माध्यम से जनजातीय समुदाय की आदिम संस्कृति, स्वाभिमान की परंपरा, राष्ट निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका तथा सामाजिक समरसता पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता परमेश्वर सिंह मरकाम अध्यक्ष जनजातीय गौरव समाज ने कहा कि जनजातीय समुदाय का इतिहास भारत की मूल सांस्कृतिक पहचान का आधार है।

उन्होंने बताया कि जनजातीय समाज की जीवन पद्धति प्रकृति-पूजन, समानता, सहयोग और सामुदायिक न्याय व्यवस्था पर आधारित रही है, जो आज के आधुनिक समाज के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। श्री मरकाम ने वीर नारायण सिंह, बिरसा मुंडा, गुंडाधुर ,अहिल्याबाई जैसे जननायकों के संघर्षों को स्मरण करते हुए युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती नीलू जायसवाल अध्यक्ष जनभागीदारी समिति ने कहा कि महाविद्यालय में जनजातीय छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्रवृत्ति योजनाएं, कौशल-विकास गतिविधियां तथा सुरक्षा-सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने जनजातीय छात्राओं से शैक्षणिक अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने और समाज में नेतृत्व की भूमिका निभाने की प्रेरणा दी।

श्रीमती जायसवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि जनजातीय समाज ने सदैव अपनी परंपराओं और संस्कृति का संरक्षण किया है। जनजातीय समुदाय ने जन-जंगल-जमीन को सर्वोपरि माना है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा आधुनिक समाज के लिए प्रेरणा-स्त्रोत हैं। साथ ही उपस्थित जनों से आह्वान किया कि वे देश की संस्कृति और विरासत को मजबूती से समर्थन दें। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. रश्मि सोनकर सदस्य जनभागीदारी समिति ने जनजातीय कला, नृत्य, लोकगीत, चिकित्सा पद्धति और सामुदायिक जीवन की विशिष्टताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जनजातीय संस्कृति में स्त्री की भूमिका अत्यंत सशक्त और सम्मानित रही है, जो आज के समाज के लिए आदर्श है। डॉ. रेशमा सोनकर ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा स्वतंत्रता के संग्राम से स्नात थे और उन्होंने जनजातीय समाज को एकजुट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राम किंकर पाण्डेय, प्राचार्य नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ ने की।

# पीएम सूर्यघर योजना से रोशन हुआ घर

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



बैकुंठपुर निवासी शीतल गुप्ता ने केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेकर अपने घर को ऊर्जा बचत और आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ा दिया है। श्री गुप्ता बताते हैं कि उन्हें इस योजना की जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से मिली। योजना के बारे में विस्तार से जानने के बाद वे निकटतम बिजली कार्यालय पहुंचे और वहां आवश्यक प्रक्रिया समझकर आवेदन किया। उन्होंने अपने घर की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगाने का निर्णय लिया, जिसके लिए उन्हें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से ऋण भी सहज रूप से उपलब्ध हो गया। सबसे बड़ी राहत की बात यह रही कि योजना के अंतर्गत केन्द्र सरकार से मिलने वाली 78 हजार रूपए की सब्सिडी उन्हें समय पर प्राप्त हो गई। श्री गुप्ता का कहना है कि इस योजना से जुड़कर उन्हें अब महंगे बिजली बिलों से छुटकारा मिलने की उम्मीद है।

### मवेशी चराने गई महिला पर भालू ने किया हमला, गंभीर

**शंकरगढ़।** गांव में मवेशी चरा रही महिला पर भालू ने हमला कर दिया। महिला को गंभीर हालत में शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत अमरथा भुनेश्वरपुर निवासी गुजरी पैकरा आ. देवनाथ पैकरा (56 वर्ष) रविवार को गांव के जंगल के समीप मवेशी चराने गई थी। महिला झाड़ी के समीप बैठी थी तभी भालू ने हमला कर दिया।

# मनेन्द्रगढ़ में निकाली गई जागरूकता रैली



**मनेन्द्रगढ़।** महिलाओं के विरुद्ध हिंसा उन्मूलन के अंतरराष्टीय दिवस के अवसर पर मंगलवार को मनेन्द्रगढ़ में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एक प्रभावशाली और भव्य जागरूकता रैली निकाली गई, जिसने पूरे शहर में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के प्रति सशक्त संदेश दिया। मिशन शक्ति हब, मिशन वात्सल्य और सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्राएं और महिला समूह शामिल हुए, जिनके नारों ने वातावरण को जागरूकता और संकल्प से भर दिया। रैली का आयोजन जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर के निर्देश और जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला मिशन समन्वयक (मिशन शक्ति हब) की अगुवाई में किया गया। परियोजना मनेन्द्रगढ़ और राम टेक चंद्र जैन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे उत्साह के साथ महिलाओं के प्रति होने वाली किसी भी तरह की हिंसा को समाप्त करने की अपील की। यह रैली 20 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलने वाले 16 दिवसीय सक्रिय अभियान का हिस्सा है, जिसे महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन दिवस से मानव अधिकार दिवस तक विशेष रूप से आयोजित किया जा रहा है।

### शासन-प्रशासन से नहीं मिल रही मदद, संसाधनों का है अभाव

# खुद की पहचान खोने लगा पुरातत्व संग्रहालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



जिले के ऐतिहासिक समृद्धि एवं सांस्कृतिक धरोहर को अपने आंचल में समेटे कोरिया जिला आज अपने ही इतिहास की पहचान खोने के कगार पर है। कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के सिविल लाइन स्थित जिला पुरातत्व संग्रहालय उपेक्षा एवं बदइंतजामी के कारण रखे गए प्राचीन ऐतिहासिक साक्ष्य संरक्षण की अभाव में धूल फॉक रही है।

कोरिया का गौरव उपेक्षा के कारण अपनी ही बदहाली पर आंसू बहाने मजबूर है। जिला पुरातत्व संग्रहालय के भवन को बाहर से देखकर की समझा जा सकता है कि हमारी प्राचीन साक्ष्यों को किस तरह से सहेजा गया होगा। उक्त भवन रंग-रोगन के अभाव में जीण-शीर्ण दिखाई देने लगा है। जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग को चाहिए कि इस ओर ध्यान देकर उक्त भवन एवं उसके अंदर रखे गए अमूल्य धरोहर को सुरक्षित रखने की जरूरत हैं और इस दिशा में त्वरित पहल करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करना चाहिए, क्योंकि कोरिया जिले का पुरातत्व संग्रहालय केवल प्राचीन धरोहरों का संग्रह का केन्द्र ही नहीं बल्कि कोरिया जिले की पहचान और अस्मिता है। यदि समय रहते प्रशासन ने इसकी सूध नहीं ली तो आने वाले समय में कोरिया जिले के समृद्ध इतिहास का झलक देखने के लिए लोग वंचित हो जाएंगे। ऐसे में जरूरत है कि तत्काल जिला पुरातत्व संग्रहालय की साफ-सफाई एवं सुरक्षा रख-रखाव के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। कोरिया जिले में ऐतिहासिक महत्व के कई स्थल है जहां पर प्राचीन मूर्तियां आज असुरक्षित पड़ी हुई हैं, जिन्हें सहेजने की दिशा में ठोस पहल करने की जरूरत है। कोरिया जिले में रामायणकाल से लेकर बौद्धकालीन प्राचीन इतिहास की निशानियां हैं।

### एक दशक पूर्व हुआ था शुभारंभ

कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के सिविल लाइन में एक दशक पूर्व जिला पुरातत्व संग्रहालय का शुभारंभ किया गया था। जानकारी के अनुसार जिला पुरातत्व संग्रहालय भवन का उद्घाटन 1 सितंबर 2014 को बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाडे के मुख्य आतिथ्य एवं तत्कालीन नपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे की अध्यक्षता एवं तत्कालीन कलेक्टर एस प्रकार, जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजीव कुमार झा की उपस्थिति में इस उद्देश्य से किया गया था कि कोरिया जिले के इतिहास की निशानियों को सुरक्षित सहेजा जा सके।

# एनएसएस इकाई कटगोड़ी का सात दिवसीय विशेष शिविर



**बैकुण्ठपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कटगोड़ी द्वारा ग्राम पुसला में आयोजित 18 से 24 नवंबर तक चलने वाला सात दिवसीय विशेष शिविर मंगलवार को शानदार समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष श्रीमती आशादेवी सोनपाकर, विधायक प्रतिनिधि रामप्रताप मरावी, मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े, एसएमडीसी अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद राजवाड़े, जनपद सदस्य श्रीमती राजकुमारी राजवाड़े, विधायक प्रतिनिधि संदीप साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष नवरत्न पांडे सहित अनेक विशिष्टजन उपस्थित रहे। इसके अलावा डॉ.आरके शर्मा, डॉ. जी.डंड़सेना, सीएम चौबे प्राचार्य हाई स्कूल पुसला, डीडी सिंह प्राचार्य हायर सेकंडरी स्कूल सोनहत, एके मिश्रा, डीआर यादव, आरके सांडया, नीलेश्वर गभेल, यूके पटेल, आरके यादव, अरूणा दुबे, अनिल साहू, अनिल कुमार सोनपाकर, युगेन्द्र पांडे, संजय सैनी, रामचरित्र राजवाड़े, गुलाब राजवाड़े, एनएसएस स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक काफी संख्या में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



## पार्वती महाविद्यालय में शिक्षक अभिभावक बैठक आयोजित

**अम्बिकापुर।** पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एंड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय सिलफिली में शिक्षक-अभिभावक बैठक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ किया गया। साथ ही महाविद्यालय का लक्ष्य, उद्देश्य, शैक्षिक उपलब्धियां, सहा.प्राध्यापिका श्रीमती प्रीति सोनी, बीएड सिलेबस एवं अंकों की जानकारी सहा.प्राध्यापक उपेन्द्र कुमार रवि, महाविद्यालय की नियमावली एवं वर्ष भर की गतिविधियां, सहा प्राध्यापिका श्रीमती जयमाला सिंह, बीएड में पुस्तकालय की भूमिका एवं महत्व ग्रंथपाल श्रीमती कंचन सिंह, प्रशिक्षार्थियों की उपस्थिति का विवरण सहा.प्राध्यापक संतोष कुमार रानाड़े एवं अरूण कुमार दुबे, अभिभावकों के सुझाव व शिकायते सहा.प्राध्यापक श्रीमती अपराजिता कैवर्त्य, श्रीमती निशा गुप्ता, श्रीमती निशा गुप्ता, श्रीमती सुनिता राज एवं सुश्री निशा सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया। शिक्षक अभिभावक बैठक में समिति के सदस्यों का भी गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष संस्था की प्राचार्य डॉ.छविरानी मंडल, उपाध्यक्ष श्रीमती मंजूलता एक्का एवं शिक्षक प्रतिनिधि श्रीमती प्रीति सोनी, कोषाध्यक्ष शिक्षक प्रतिनिधि उपेन्द्र कुमार रवि एवं पालक प्रतिनिधि आकाश गुप्ता एवं अन्य दस सदस्यों का भी चयन किया गया।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**अम्बिकापुर।** महिला की हत्या करने के आरोपी को सप्तम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश महेश कुमार राज की अदालत ने आजीवन कारावास एवं एक हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को एक वर्ष अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अतिरिक्त लोक अभियोजक विनोद दुबे ने बताया कि 13 सितंबर 2024 की दोपहर 12 बजे ग्राम वंदना निवासी कांति पैकरा उड़ुमकेला खार खेत घास निकालने गई थी। इस दौरान आरोपी पंचूराम मांझी ने टांगी से उसके सिर पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इधर मृतिका के पति सुकृत पैकरा जब शाम को घर लौटा तो देखा पत्नी घर पर नहीं थी। सुकृत पैकरा ने बेटी से पूछताछ की तो बेटी ने बताया कि नया घर गई होगी। जिस पर पति उसे खोजने हुए खेत की ओर गया था तब उसकी पत्नी की लाश के खेत के मेड़ पर औंधे मुंह पड़ी हुई थी। घटना की रिपोर्ट पति ने थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी पंचूराम मांझी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहां से न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया था। प्रकरण के सारे तथ्यों की सुनवाई और पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर सप्तम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश महेश कुमार राज ने आरोपी पंचू राम मांझी को हत्या का दोषी पाया। न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास तथा एक हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

### लिक्विड नाइट्रोजन की कमी से दो महीने तक बंद रही योजना

# विभाग की लापरवाही से पशु चिकित्सालयों में समय पर नहीं मिल रही कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दुधारू पशुओं की नस्ल में सुधार करने के साथ ही दूध का उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से शासन ने पशु चिकित्सालयों के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा प्रदान की है लेकिन विभाग की लापरवाही के कारण इसकी गति काफी धीमी पड़ गई है। हालत यह है कि वित्तीय वर्ष के सात महीने गुजरने के बावजूद विभाग कृत्रिम गर्भाधान के लक्ष्य से काफी पीछे है।

**खास बात**

- सात महीने में मात्र 20 फीसदी पशुओं का गर्भाधान

बढ़ती आबादी की आवश्यकता के अनुरूप दूध उपलब्ध कराने के साथ ही पशुपालन के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने शासन द्वारा श्वेत क्रांति का संचालन किया जा रहा है। पालतू पशुओं से अधिक दूध मिले इसके लिए पशु चिकित्सालयों के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा वर्षों से संचालित की जा रही है। योजना के तहत शासन द्वारा पशु चिकित्सालयों में अतिरिक्त कर्मचारियों के साथ विविध संसाधन एवं उन्नत किस्म के मवेशियों के सिमेन उपलब्ध कराए जाते हैं। कृत्रिम गर्भाधान से पशु उन्नत किस्म के मादा शावकों को जन्म देते हैं जिससे दूध का अधिक उत्पादन होता है। इस विधि से दुधारू पशुओं के नस्ल में सुधार होता है। इस बार विभाग की लापरवाही के कारण कृत्रिम गर्भाधान की रफ्तार धीमी पड़ गई है तथा अब तक लक्ष्य के आधे दुधारू पशुओं का भी कृत्रिम गर्भाधान नहीं हो सका। बताया जा रहा है कि मई एवं जून के महीने में पशु चिकित्सालयों में लिक्विड नाइट्रोजन उपलब्ध नहीं होने के कारण न केवल सरगुजा बल्कि पूरे संभाग में कृत्रिम गर्भाधान ठप रहा है। दुधारू पशुओं के गर्भाधान का सीजन होने के कारण पशुपालकों को बैरंग लौटना पड़ा। दो महीने बाद विभाग द्वारा लिक्विड नाइट्रोजन की टेंडर प्रक्रिया पूरी की गई तब तक पशुओं के गर्भाधान का समय समाप्त हो गया। समय बीतने के बाद अब इक्के-दुक्के दुधारू पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान किया जा रहा है।



पशु चिकित्सालय।

### नहीं होगा लक्ष्य पूरा

विशेषज्ञ चिकित्सकों के अनुसार गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ ही दुधारू मवेशियों के गर्भाधान की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाती है। ठंड के दौरान बेहद कम संख्या में दुधारू पशुओं का गर्भाधान होता है। पिछले सत्र में ऐन समय पर लिक्विड नाइट्रोजन उपलब्ध नहीं होने के कारण निर्धारित लक्ष्य से एक चौथाई पशुओं का ही कृत्रिम गर्भाधान हो सका जिसके कारण शासन की सुविधा से अधिकांश पशुपालक वंचित हो गए। मार्च के बाद दोबारा गर्भाधान का समय शुरू होगा तब तक वित्तीय वर्ष समाप्त हो जाएगा। ऐसे में शेष बचे समय में कृत्रिम गर्भाधान का लक्ष्य पूरा हो सकेगा इसकी संभावना कम है।

### सरगुजा में 4 लाख मवेशी

सरगुजा में 4 लाख दुधारू पशु हैं जिनके नस्ल में उत्तरोत्तर सुधार करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। सरगुजा संभाग के अन्य जिलों में भी दुधारू मवेशियों की संख्या लाखों में है। दुध की मांग में लगातार वृद्धि होने के कारण लोग अब पशुपालन को रोजगार के रूप में अपना रहे हैं। योजना का ठीक ढंग से क्रियान्वयन होने पर न केवल दूध उत्पादन में वृद्धि होगी बल्कि पशुपालकों को भी अच्छा मुनाफा होगा।

### 7 महीने में लक्ष्य का चौथाई भी नहीं पूरा

शासन द्वारा सरगुजा संभाग के विभिन्न 6 जिलों के लिए 192868 दुधारू मवेशियों का कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से नस्ल सुधारने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसमें अब तक मात्र 40474 का ही कृत्रिम गर्भाधान किया गया है। सरगुजा में 31300 लक्ष्य के विरूद्ध 8816, बलरामपुर 26000 के विरूद्ध 7101 एवं सूरजपुर में 50000 के विरूद्ध 10467 पशुओं का गर्भाधान किया गया है। योजना के तहत सरगुजा में 28.01 फीसदी, बलरामपुर में 27.0 फीसदी एवं सूरजपुर में 20 फीसदी कृत्रिम गर्भाधान किया गया है।

### कर्मचारियों की कमी से समस्या

कर्मचारियों की कमी के कारण योजना पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। बाकी बचे समय में लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा।
डॉ.आरपी शुक्ला
प्रभारी उप संचालक, पशु चिकित्सा विभाग

## संघर्षों से भरा था भगवान बिरसा मुण्डा का जीवन



**धौरपुर।** नवीन शासकीय महाविद्यालय में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर सरपंच वकील राम कुजूर, पूर्व सरपंच जमीरा दशरथ राम एवं मुख्य वक्ता इंदर भगत के आतिथ्य में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्राचार्य डॉ.जेके कुजूर ने जनजातियों के ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान पर प्रकाश डाला। इंदर भगत ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्षों से भरा था उन्होंने अंग्रेजों के शोषणकारी नीति के खिलाफ आदिवासी समाज की अस्मिता जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए उलगुलान आंदोलन चलाया और अल्प आयु में ही अंग्रेजों से लड़ते हुए शहीद हो गए। उनका योगदान सिर्फ सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र तक ही सीमित नहीं था बल्कि उन्होंने जनजाति समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने के लिए विशेष रूप से काम किया तथा बिरसाइत धर्म की शुरूआत की। उन्होंने इसके माध्यम से जनजाति समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने का काम किया इसलिए उन्हें भगवान का दर्जा दिया गया है। वकील राम कुजूर ने कहा कि जनजाति समाज ने अपनी संस्कृति और परंपराओं को आज भी जीवित रखा है जनजाति समाज स्वभाव से ही प्रकृति पूजक होते है इनके हर तीज त्यौहार प्रकृति पर आधारित होते हैं। अंत में अतिथियों को जनजातीय गमछा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा.संजय कुमार ने किया। इस दौरान कॉलेज के सभी अध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# कोशिश हो रही है कि कुछ विशेष लोगों के नाम न जुड़ेंः सिंहदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण को लेकर मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव एवं छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सहप्रभारी सुश्री जरीता लैतफलांग ने संयुक्त रूप से समीक्षा बैठक ली। इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि इस बात में कोई शक नहीं है कि मतदाता सूची दूषित है और उसमें सुधार आवश्यक हैं लेकिन इसके सुधार की सारी जवाबदेही मतदाता पर डाल देना और पूरी कारवाई आनन-फानन में करना गलत है। गणना प्रपत्र को भरने में मतदाताओं को कई प्रक्रियागत परेशानियां आ रही हैं। इससे उन्हें निजात मिलना चाहिए और पूरी प्रक्रिया में अतिरिक्त समय देना चाहिए। उन्होंने सूत्रों से प्राप्त इस जानकारी को साझा किया कि अंदर ही अंदर यह प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है कि चिन्हांकित लोगों का नाम मतदाता सूची में न जुडे। उन्होंने कहा कि एक राजनैतिक दल विशेष को यह निर्देश दे दिया गया है कि विशेष लोगों के नाम न जुडे। उन्होंने कहा कि उस विशेष राजनैतिक दल के कार्यकर्ताओं को विशेष संरक्षण देते हुए यह अभयदान दिया गया है कि आप नाम कटवाईये उपर अपने लोग बैठे हैं। छग सहप्रभारी सुश्री लैतफलांग ने कहा कि वे सोमवार को कोरिया जिला रवाना होते कुछ धान खरीदी केन्द्रों पर एसआईआर की प्रक्रिया और गणना प्रपत्रों के वितरण को लेकर वहां मौजूद किसानों से चर्चा की थी तब यह जानकारी मिली कि गणना प्रपत्र उनके घरों तक पहुंचा ही नहीं है। धान कटाई में व्यस्त रहने के कारण वो किसान संबंधित बीएलओ से अपने गणना प्रपत्रों के लिये संपर्क भी नहीं कर पाए हैं। कई किसानों ने एसआईआर की पूरी प्रक्रिया से अनभिज्ञता जाहिर किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से ऐसे सभी मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ना सुनिश्चित करने का आवाहन किया है। समीक्षा के दौरान उन्होंने क्रमवार सभी प्रभारियों से एसआईआर पर उनके फीडबैक को प्राप्त किया।

### वोट चोर गद्दी छोड़ पर कांग्रेस की बडी रैली

बैठक के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने जानकारी दी है कि 14 दिसंबर को कांग्रेस पार्टी रामलीला मैदान में वोट चोर गद्दी छोड़ चरणबद्ध आंदोलन के तहत दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल रैली करने जा रही है। इस दौरान इस अभियान के तहत पूरे देश के करोड़ों मतदाताओं से हस्ताक्षर कराकर एकत्र किये गये मांगपत्र को राष्ट्रपति को सौंपा जायेगा।



# कोल गुणवत्ता अभियान पर क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र में दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल में इस वर्ष गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा एक नए उत्साह और व्यापक जनभागीदारी के साथ मनाया जा रहा है,20 नवंबर से शुरू हुआ यह अभियान 5 दिसंबर तक चलेगा,जिसके तहत खदान क्षेत्रों से लेकर प्रशिक्षण केंद्रों तक हर जगह गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संदेश निरंतर दिया जा रहा है।

- 5 दिसंबर तक मनाया जाना है गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा, मुख्यालय द्वारा जारी निर्देशों का किया जा रहा पालन

गौरतलब है कि क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह के नेतृत्व में बिश्रामपुर क्षेत्र पूरी सक्रियता के साथ इस अभियान को सफल बनाने पहल की जा रही है,पखवाड़े के दौरान कई रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, आयोजन में स्लोगन प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, गुणवत्ता जागरूकता कार्यशालाएं चलाई जा रही है, मंगलवार को क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र बिश्रामपुर में आयोजित विशेष सत्र में अधिकारी,कर्मचारी और कर्मी शामिल हुए,उपस्थित जनों को गुणवत्ता के महत्व,कोयले के मानकों और राष्ट्रीय आर्थिक विकास में इसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सत्र में बताया गया कि कोल उत्पादन में गुणवत्ता सिर्फ कंपनी की विश्वसनीयता नहीं बढ़ाती, बल्कि देश के औद्योगिक ढांचे को मजबूत करने का आधार भी बनती है,क्षेत्रीय गुणवत्ता प्रबंधक अमरेंद्र नारायण सिंह एवं गुणवत्ता विभाग की पूरी टीम लगातार सभी खदानों का दौरा कर रही है,वे गुणवत्ता संबंधी मापदंडों का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं और कर्मचारियों को एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से प्राप्त गुणवत्ता प्रतिज्ञा को दोहराने और उसे ईमानदारी से पालन करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।



# लटोरी विद्युत उपकेन्द्र में 5 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत ग्रामीण अंचलों में समुचित वोल्टेज पर निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उपकेन्द्रों की क्षमता वृद्धि का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है,इसी क्रम में उपसंभाग बिश्रामपुर के ग्राम लटोरी स्थित 33/11 केवी उपकेन्द्र में 48.34 लाख रुपए की लागत से 3.15 एमवीए ट्रांसफार्मर को बदलकर 5 एमवीए का नवीन पॉवर ट्रांसफार्मर गत दिनों स्थापित एवं ऊर्जीकृत किया गया है,नई क्षमता वृद्धि के बाद लटोरी उपकेन्द्र से जुड़े ग्राम लटोरी,द्वारिकानगर, सोनवाही, महेशपुर,अर्जुननगर, करवां, हीराडबरी, संबलपुर सहित लगभग 32 सौ उपभोक्ताओं को अब बेहतर वोल्टेज और गुणवत्तापूर्ण बिजली की सुविधा मिलने की उम्मीद है,इस मामले में सुरजपुर कार्यपालन अभियंता बसंत सोम ने बताया कि पुराना 3.15 एमवीए ट्रांसफार्मर अक्सर ओवरलोड होने से लो वोल्टेज की समस्या उत्पन्न होती थी,नए 5 एमवीए ट्रांसफार्मर के लगने से ग्रामीण क्षेत्रों को इससे बड़ी राहत मिलेगी।

- लटोरी समेत आसपास के दर्जनों गाँवो में लो वोल्टेज की समस्या होगी दूर

इस कार्य को सफल बनाने में मुख्य अभियंता यशवंत शिलेदार तथा अधीक्षण अभियंता राजेश लकड़ा ने पूरी तकनीकी टीम कार्यपालन अभियंता बसंत सोम, मुकेश ध्रुव, नवजोत सिंह आयाम, सहायक अभियंता अनुरंजन कूजुर,प्रतीक बारा,कनिष्ठ अभियंता शादाब अहमद, शाजिद शेख व अन्य सक्रिय रहे।

## आकाश अग्रहरी बने युवा कांग्रेस प्रभारी महासचिव



**अंबिकापुर।** युवा कांग्रेस सरगुजा की नवीन कार्यकारिणी घोषित हुई। सरगुजा युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी में एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष आकाश अग्रहरि को बड़ी ज़िम्मेदारी देते हुए युवा कांग्रेस सरगुजा का प्रभारी महासचिव (संगठन एवं प्रशासन) बनाया गया। इस नई ज़िम्मेदारी के लिए नवनियुक्त प्रभारी महासचिव ने पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन आदित्येश्वर सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा और जिलाध्यक्ष विकल झा सहित समस्त कांग्रेसजनों का आभार व्यक्त किया है।

न्यायालयः डी.एस.बघेल, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी सूरजपुर, जिला- सूरजपुर (छ.ग.)
- ईश्तहार-
प्रोसेस नम्बर - 307/25
उ.प्र.क्र. - 29/2025
पेशी तिथि - 09/12/2025

1. सुमित्रा पत्नि स्व. ओंकार सिंह पैकरा, उम्र 45 वर्ष, जाति कवंर,
2. संतोषी पत्नि स्व. ओंकार सिंह पैकरा उम्र 30 वर्ष, जाति कंवर,
3. ईशांत पैकरा आ. स्व. ओंकार सिंह पैकरा उम्र 08 वर्ष
4. चन्द्रराज पैकरा आ. स्व. ओंकार सिंह पैकरा, उम्र 6 वर्ष,
क्रमांक 3 व 4 अवयस्क द्वारा वली माता संतोषी एवं सुमित्रा पति स्व. ओकार सिंह पैकरा, सभी जाति कंवर सभी निवासी ग्राम उमेश्वरपुर, पुलिस चौकी उमेश्वरपुर, थाना व तहसील प्रेमनगर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)
-------आवेदकगण
प्रति,
1. जिला शिक्षा अधिकारी, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)
2. विकास खण्ड अधिकारी, विकास खण्ड प्रेमनगर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)
3. छ.ग. शासन द्वारा कलेक्टर सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.)
4. आम जनता।
-------अनावेदकगण

इस ईश्तहार के जरिये अनावेदकगण व आम जनता सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण क्रमांक 01 व 02 के पति एवं क्रमांक 03 व 04 के पिता स्व. ओंकार सिंह पैकरा आ. भुवनेश्वर सिंह ग्राम तारकेश्वरपुर, थाना व तहसील प्रेमनगर विकासखण्ड प्रेमनगर के अंतर्गत प्राथमिक पाठशाला घुटरापारा में प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत थे जिनकी मृत्यु सेवाकाल के दौरान दिनांक 21/06/2025 को हो चुका है। स्व. ओंकार सिंह पैकरा आ. भुवनेश्वर सिंह की मृत्यु के पश्चात् उसके उत्तराधिकारी, आवेदकगण हैं, जो इस न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बावत् आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भा. उत्तराधिकार आधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत किये हैं। स्व. ओंकार सिंह पैकरा आ. भुवनेश्वर सिंह की मृत्यु के पश्चात मिलने वाली आर्थिक सहायत की राशि, गेज्युटी, नौकरी के दौरान मृत्यु पर उपदान राशि देय क्लेम, बकाया वेतन का भुगतान, पेशन का भुगतान, अनुकम्पा नियुक्ति हेतु स्व. ओंकार सिंह पैकरा के आश्रित आवेदकगण को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की आवश्यकता है इस प्रकार स्व. ओंकार सिंह पैकरा आ. भुवनेश्वर सिंह निवासी ग्राम-उमेश्वरपुर, पुलिस चौकी उमेश्वरपुर, थाना व तहसील प्रेमनार, जिला सूरजपुर (छ.ग.) की मृत्यु के उपरांत प्रथम उत्तराधिकारी माना आवेदकगण ही है। यदि कोई व्यक्ति कोई दावा या हक रखते हैं, तो मय कैफियत के साथ पेशी दिनांक 09/12/2025 को दिन के ठीक 11:00 बजे, इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हों।

अतः आप, बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं, तो, आपके विरूद्ध, प्रकरण का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जायेगा। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है या कार्य दिवस स्थगित हो जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि को किया जावेगा।

आज दिनांक 27/10/2025 को इस न्यायालय कि मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(डी.एस.बघेल)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 07 दिसम्बर , दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से शाम 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल शाम 3 बजे से 5 बजे तक

सरगुजा मार्केट

संभाग के एकमात्र डायबिटीज थायरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
दिनांक - 7 दिसम्बर 2025, रविवार
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

डॉ.रौनक कलवानी
M.Ch, MS, ATLS, M.B.B.S
दिनांक - 29 नवंबर, 2025
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 06 दिसंबर 2025, शनिवार
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 26 नवम्बर 2025 दिन - बुधवार
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
दिनांक 23 नवम्बर 2025
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. आशीश कुमार जायसवाल
डॉ. हेमन्त कुमार बी MBBS, DCH, DNB

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 26 नवम्बर 2025 दिन - बुधवार
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग का 100% शर्तिया इलाज
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा इलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क- विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर - मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं?
वास्ती शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मो. 9753266386

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
सरगुजा संभाग के पहले नेफ्रोलॉजिस्ट
डॉ. ऋषभ गुप्ता
MD Medicine, DM Nephrologist
Gold Medalist

## खबर संक्षेप



### मयंक सिंह मंडावी से मिलकर विधायक ने दी अपनी शुभकामनाएं

**सीतापुर।** सीजीपीएससी द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में अजजा वर्ग से पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले मयंक सिंह मंडावी से विधायक रामकुमार टोप्पो ने मुलाकात की। भेंट के दौरान उनके विधायक ने मयंक के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। विधायक ने कहा कि आपकी यह उपलब्धि सीतापुर समेत पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित करने वाला है। इससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और उनमें आत्मविश्वास जगेगा। इस दौरान मयंक ने पीएससी परीक्षा की तैयारियों को लेकर विधायक से अपने अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि राज्य कर निरीक्षक के रूप में ड्यूटी करते हुए तैयारी कर पाना थोड़ा मुश्किल था इसके बाद भी मैंने समय निकाला और पिछले अनुभव को खुद से साझा करते हुए नई पारी की तैयारी शुरू कर दी। ड्यूटी के दौरान पढ़ाई को मैंने समय के साथ बांधा और पूरे आत्मविश्वास के साथ तैयारियों में जुट गया। विदित हो कि मयंक सिंह मरावी वार्ड क्रमांक 9 निवासी डिप्टी रेंजर रमेश मंडावी एवं देवमती सिंह के बड़े बेटे है और फिलहाल राज्य कर निरीक्षक के रूप में राजधानी में अपनी सेवाएं दे रहे है। इनकी दादी ललिता सिंह का सपना था कि इनका पोता पढ़ लिखकर डिप्टी कलेक्टर बने जिसे मयंक सिंह मंडावी ने पूरा कर दिखाया।

### रात में कलेक्टर पहुंचे जिला अस्पताल व्यवस्था का लिया जायजा



**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने प्रशासनिक अमले के साथ बीती रात जिला अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा। उन्होंने भर्ती हुए मरीजों से सीधे बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की जानकारी ली। साथ ही स्वास्थ्य व्यवस्था के रेगुलर मॉनिटरिंग हेतु मौके पर एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल व अन्य संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अलग अलग कक्ष का निरीक्षण किया और वार्डों में भर्ती मरीजों से चर्चा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर द्वारा लगभग एक घंटे तक जिला अस्पताल के वार्डों में भ्रमण कर मरीजों से चर्चा की। जिसमें सही उपचार और समय में दवाइयां उपलब्ध करवाई जा रही हैं कि नहीं इसकी जानकारी मरीजों से ली गई। साथ ही कलेक्टर एस जयवर्धन ने जनपद कार्यालय में चल रहे एसआईआर के डिजिटाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य प्रगति की समीक्षा की तथा समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से कार्य पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटेल व संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा उपस्थित थे।

### कोरंधा हाई स्कूल की 142 छात्राओं को वितरण किया गया साइकिल



**कुसमी।** कोरंधा हाई स्कूल में सरस्वती साइकिल योजना के तहत 142 छात्राओं को मुख्य अतिथि विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने साइकिल वितरण किया। इस अवसर विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, जिपं अध्यक्ष हिरामुनि निकुंज, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष जन्मजय सिंह एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष ने कहा कि आप सभी बालिकाएं मन लगाकर पढ़ाई कीजिए। शासन द्वारा निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण किया जा रहा है, ताकि स्कूल आने जाने में छात्राओं को परेशानी न हो। पहले पढ़ाई करने के लिए विद्यालय की कमी थी लेकिन अब भाजपा के शासन काल में दूर किया जा चुका हैं। सभी जगह पढ़ाई करने हेतु जगह जगह पर हाई स्कूल खुल गया है। छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कोरधा हाई स्कूल के प्राचार्य चिंतामणि भगत द्वारा विधायक से विद्यालय तक पहुंचने के लिए सी सी सड़क निर्माण, विद्यालय में खेल मैदान की व्यवस्था , प्रायोगिक कक्ष की व्यवस्था, अध्ययन कक्ष निर्माण एवं विद्यालय में शौचालय निर्माण कराने की मांग की। जिस पर विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने तत्काल शौचालय निर्माण कराने तथा विद्यालय में सुगम तरीके से आवागमन हेतु मार्च माह तक सीसी सड़क निर्माण कराने के साथ ही विद्यालय में भवन की कमी को देखते हुए अतिरिक्त कक्ष की भी व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान बीईओ मनोज गुप्ता, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र परमार, प्राचार्य चिंतामणि भगत, फिलिप एक्का, कोरधा थाना प्रभारी कमरे, उमेश्वर ओझा, केदार गुप्ता, लक्ष्मण सिंह पैकरा, राकेश भारती, विजय भगत , इंद्रदेव निकुंज सहित अन्य उपस्थित थे।

## ओड़गी क्षेत्र में वनों की अंधाधुंध कटाई चरम पर

# तस्कर बेखौफ होकर कर रहे हरे-भरे इमारती पेड़ की कटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

**खास बात**

- कार्रवाई नहीं होने से लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद

क्षेत्र में लकड़ी तस्करों की सक्रियता और जंगल में इमारती पेड़ की कटाई ने क्षेत्रवासियों की चिंता में डाल दिया है। इसे वन अधिकारियों की लापरवाही कहें या खुली छूट कि तस्कर बेखौफ होकर इमरती एवं गैर इमारती प्रजाति के हरे भरे पेड़ों की न केवल बलि चढ़ा रहे है बल्कि आसपास क्षेत्रों में खपा रहे है। ऐसे में किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने से अब वन विभाग की कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठने लगे है।

एक तरफ लगातार बिगड़ रहे पर्यावरण से चिंतित केंद्र व राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक कर रही है तथा अभियान चलाकर लोगों को पौध रोपण करने के लिए प्रेरित कर रही है। वहीं दुसरी तरफ लकड़ी तस्कर बेखौफ होकर जंगलों के हरे भरे पेड़ों की बलि चढ़ा रहें है। सबसे बड़ी बात यह है कि पेड़ों की सुरक्षा एवं पर्यावरण सुधारने की जिम्मेदारी निभाने वाले वन अधिकारी तस्करों से पूछताछ करने तक की जरूरत महसूस नहीं कर रहें हैं और चुप्पी साधे हुए है। जिले के जनपद पंचायत ओडगी क्षेत्र में इन दिनों जंगलों में पेड़ों की अवैध कटाई अपने चरम पर है। जंगलों के भीतर बड़े पैमाने पर न सिर्फ विशाल पेड़ों को काट रहे है बल्कि मौके पर ही उनकी चिराई तक कर दी जा रही है। ताजा कटे हुए ठूंठ और लकड़ी के बड़े-बड़े गट्ठर खुद ही अवैध कटाई का जीता जागता सबूत है। साथ ही यह साबित करते हैं कि क्षेत्र में सुनियोजित तरीके से वन संपदा की लूट मची हुई है। बावजूद इसके वन विभाग की चुप्पी कई गंभीर सवाल खड़े करती है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगलों में लगातार कटाई जारी है, लेकिन विभागीय अमले की कोई सक्रियता नजर नहीं आती। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि जंगलों में पेड़ों की अवैध कटाई किनके सह पर हो रही है।



काटे गए पेड़।

### नहीं करते पेट्रोलिंग

क्षेत्र के ग्रामीणों की नाराजगी इस हद तक बढ़ चुकी है कि अब ग्रामीण सीधे वन विभाग पर मिलीभगत का आरोप लगा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को सिर्फ वेतन लेने के लिए नियुक्त किया गया है। जबकि वन अमले द्वारा जमीनी स्तर पर न तो पेट्रोलिंग होती है और न ही अवैध कटाई पर रोकथाम कर अंकुश लगाया जा रहा है।

### पर्यावरण पर बड़ा खतरा

जिस क्षेत्र में पेड़ों की अवैध कटाई की गई है वह लफरी जलप्रपात से महज आधा किलोमीटर के दायरे में है। इस क्षेत्र में पेड़ों की कटाई के प्रमाण मिले हैं। यह इलाका पर्यावरणीय दृष्टि से बेहद संवेदनशील माना जाता है, बावजूद इसके जंगल की लूट जारी है। जंगलों में लगातार पेड़ कटने से स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

### थरगी गांव में सक्रिय तस्कर

ओड़गी ब्लॉक के ग्राम थरगी में स्थिति और भी गंभीर है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां वन विभाग का अमला झांकने तक नहीं आता, जबकि लकड़ी तस्कर खुलेआम बड़े वाहनों में कटे हुए लकड़ी का परिवहन कर रहे हैं। लोगों का आरोप है कि विभाग की चुप्पी माफियाओं के लिए संरक्षण की तरह काम कर रही है।

### जंगलों की सुरक्षा की मांग

ओडगी क्षेत्र में जारी पेड़ो की अवैध कटाई पर तत्काल रोक और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यही स्थिति रही तो आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र का विशाल वन क्षेत्र लगभग समाप्त हो जाएगा। वर्तमान स्थिति यही बताती है कि वन संरक्षण का दायित्व जिनके कंधों पर है, वे ही खुली छूट दे दी है। क्षेत्र के लोगों ने जंगलों में हो रही अवैध कटाई पर अंकुश लगाने तथा सुरक्षा की मांग की है जिससे जंगल का अस्तित्व बचा सके।

### लकड़ी किया गया है जब्त

काटे गए पेड़ की लकड़ी को जब्त किया गया है। पेड़ काटने वालों की तलाश की जा रही है। लकड़ी तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-मेवालाल
वन परिक्षेत्र अधिकारी बिहारपुर

## जयनगर स्थित एनएच में ट्रेलर ने बुलेट को मारी टक्कर, युवक के पैर में लगी गंभीर चोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- शासकीय अस्पताल बिश्रामपुर में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर उपचार हेतु अंबिकापुर किया गया रेफर



एनएच 43 पर जयनगर थाना से महज कुछ ही दूरी पर ट्रेलर चालक ने बुलेट वाहन सवार को टक्कर मारकर फरार हो गया,दुर्घटना में युवक के बाएं पैर में गंभीर चोट लग गई है,गौरतलब है कि नगर पंचायत शिवनंदनपुर शांतिनगर निवासी सब्जी विक्रेता प्रेमचंद केशरवानी का 25 वर्षीय पुत्र नीतीश केशरवानी उर्फ विक्की मंगलवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे अपने बुलेट मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 डीवी 8727 में बिश्रामपुर से जयनगर की तरफ जा रहा था,तभी एनएच 43 पर जयनगर थाना से महज कुछ ही फर्लांग दूर टीवीएस मोटर साइकिल शो रूम के समीप बिश्रामपुर की तरफ जा रहे अज्ञात ट्रेलर वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बुलेट चालक को टक्कर मारकर फरार हो गया है,दुर्घटना में युवक के बाएं पैर के घुटने के पास दो भाग में पैर अलग हो गए हैं,युवक को गंभीर अवस्था में जयनगर पुलिस की मदद से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर भिजवाया गया,जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे अंबिकापुर रेफर कर दिया है,जयनगर पुलिस द्वारा मामले में अज्ञात ट्रेलर वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

## चलते स्कॉर्पियो वाहन में लगी आग, बाल-बाल बचा चालक



**अंबिकापुर।** रविवार की रात शहर के एमजी रोड में चलती स्कॉर्पियो वाहन में आग लगने से हड़कंप मच गया। कार की बैटरी फटने से आग लगने की बात कही जा रही है। गनीमत रही की समय रहते चालक ने वाहन से कूद गया जिससे उसकी जान बच गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने आग बुझाई लेकिन तब तक कार बुरी तरह से जल गई।

बताया जा रहा है कि रविवार की रात सूरजपुर से एक स्कॉर्पियो वाहन अंबिकापुर की ओर आ रही थी। इस दौरान जैसे ही वाहन होली क्रॉस स्कूल के पास पहुची चलती हुई कार में अचानक ही आग लग गई। आग लगने के बाद चालक ने वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। वाहन आकाशवाणी की थी ऐसे चालक ने आकाशवाणी के अधिकारियों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद आकाशवाणी के अधिकारी फायर इंस्टिग्यूशर लेकर मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक आग ने वाहन को अपनी चपेट में ले लिया था। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया लेकिन तब तक कार पूरी तरह से जल चुकी थी। अकाशवाड़ी के अभियांत्रिकी सहायक अरुण कुमार ने बताया कि वाहन किराए पर है और रायपुर की कंपनी ने पिछले महीने ही गाड़ी आकाशवाणी में लगाई थी। कार चालक ने सूझबूझ से अपनी जान बचाई। कार की बैटरी फटने के कारण यह घटना हुई।

## पेज 1 के शेष...

### एनएच 343 निर्माण के निर्माण हेतु

थोड़ा धीमा हुआ लेकिन अब पेड़ों की कटाई का कार्य पूर्ण हो गया है। सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि पर पड़ने वाले कुल 13 हजार 300 पेड़ों की कटाई कर ली गई है। पेड़ों की कटाई के साथ ही इनके परिवहन का कार्य भी तेजी से जारी है। कटाई के बाद लगभग 26 सौ घन मीटर लकड़ी निकलने की बात कही जा रही है इसमें से 2550 घन मीटर लकड़ी का परिहवन भी हो चुका है जबकि शेष के परिवहन का कार्य भी जारी है। अधिकारियों का कहना है कि अब वन विभाग की ओर से भूमि निर्माण के लिए एनएच को हैंड ओवर कर दिया गया है और जो भी देरी है वो अब एनएच विभाग की ओर से है।

## भक्तिभाव के साथ मनाया गया श्री गुरु तेग बहादुर का शहीदी दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- शहीदी दिवस पर हिन्द की चादर को किया गया स्मरण

नगर के गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सिक्खों के 9वें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहेब का 350वां शहीदी दिवस भक्तिभाव व श्रद्धा के साथ मनाया गया,गुरुद्वारा में दिनांक 23 नवंबर रविवार को रखाए गये अखण्ड पाठ की समाप्ति मंगलवार 25 नवंबर की सुबह 11.30 बजे सम्पन्न हुई।

तपश्चात रागी जत्थे ज्ञानी अमरदीप सिंह प्रीत एवं अजीत सिंह प्रीत द्वारा गुरबाणी रूपी शबद कीर्तन किया गया एवं श्री गुरु तेग बहादुर साहेब के धर्म रक्षा के प्रति बलिदान व योगदान को कथा के रूप में उपस्थित साध संगत को स्मरण कराया, यहां पर ज्ञानी अमरदीप सिंह ने स्मरण कराया कि श्री गुरु तेग बहादुर साहेब को हिन्द की चादर एवं भारत की ढाल क्यों कहा जाता है,धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा एवं कश्मीरी पंडितों के जबरन धर्मान्तरण के खिलाफ श्री गुरु तेग बहादुर ने दिल्ली में अपना शीश वार कर धर्म की रक्षा की, 9वें गुरु साहस और त्याग का प्रतीक बने जो आज भी न्याय समानता और मानवाधिकारों के लिए खड़े होने की प्रेरणा देते हैं, शहीदी दिवस मनाने से दो दिन पूर्व समूह साध संगत द्वारा रविवार की सुबह तड़के प्रभात फेरी निकालकर शबद कीर्तन एवं नितनेम का पाठ किया गया,मंगलवार को अरदास समाप्ति पश्चात गुरु का लंगर चलाया गया जिसे काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया,उक्त आयोजन में प्रबंधन कमेटी के दलजीत सिंह, जसबीर सिंह टीटू,सुरजीत चावला, धनवीर खेड़ा, मंजीत भामरा, इंदरराज भामरा, रणबीर भामरा, सुखदेव सिंह, गुरविंदर माखीजा सक्रिय रहे।

### श्वेत वस्त्रों में स्त्री साध संगत ने किया सामूहिक पाठ व कीर्तन

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में मंगलवार को अखण्ड पाठ की समाप्ति उपरांत सिक्ख समाज की स्त्री साध संगत द्वारा सफ़ेद व श्वेत वस्त्रों में श्री गुरु तेग बहादुर साहेब को स्मरण करते हुए श्लोक महल्ला नौवां का कीर्तन रूपी सामूहिक पाठ कर उच्चारण किया गया,इस दौरान स्त्री साध संगत की सुरजीत कौर,रविंदर कौर माखीजा,सनमीत कौर चावला, हरमीत कौर बग्गा, रमनदीप कौर,कुलविंदर कौर भामरा, जसप्रीत कौर, जसमीत कौर, प्रभजोत कौर बग्गा,महेन्दर कौर खेड़ा, अमरजीत कौर खेड़ा, मिन्नी कौर खेड़ा, गुरमीत कौर खेड़ा, मनप्रीत कौर, बलजिन्दर कौर, प्रीतपाल कौर, चरनजीत कौर मौजूद रहीं।

### मन की बात कार्यक्रम के संयोजक एवं सह संयोजक नियुक्त

**अम्बिकापुर।** जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की सहमति से जिला संयोजक जन्मेजय मिश्रा ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के लिए महामाया मण्डल संयोजक रवि विश्वकर्मा, सह संयोजक रंजीत चौबे, डॉ.पुष्पेंद्र शर्मा, समलाया मण्डल मनीष वारी, सत्यम साहू, अम्बिकापुर ग्रामीण पन्ना लाल राजवाड़े, सागर विश्वकर्मा, लखनपुर राहुल अग्रवाल, शिवराज सिंह चौहान, रामगढ़ रमेश यादव, ओमकार सिंह, देवगढ़ लवकेश राजवाड़े, प्रमोद जायसवाल, कुन्नी अजय सोनी, सुरेश कुमार, दरिमा मोती दास, शशी शेखर सिंह, रामप्रसाद कुशवाहा, नवानगर सुमार दास, बुद्धि यादव, मैनपाट मोहित नामदेव, रामकृपाल यादव, सीतापुर विन्धेश्वरी लाल पैकरा, संतोषी पावले, राजापुर सत्यनारायण कश्यप, राजाराम यादव, बतौली अनिमेश अग्रवाल, विवेक गोयल, लुण्ड्रा राजीव कश्यप, अमृत लाल यादव, धौरपुर ब्रम्हदेव गुप्ता, सतीश सारथी, परसा सुनील यादव, किसन केसरी को नियुक्त किया है।

### विधायक ने किया एसआईआर कार्य का निरीक्षण



**राजपुर।** मंगलवार को सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने विकासखंड के ग्राम पंचायत बरियों चारपारा, बूथ क्रमांक 51 में चल रहे एसआईआर प्रगति कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर एसआईआर अभियान के उद्देश्य, महत्व और इससे होने वाले लाभों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। विधायक श्री पैकरा ने कहा कि यह अभियान नागरिकों को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है, जिसके माध्यम से पात्र लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़े जा रहे हैं। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराएं ताकि प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो। साथ ही उन्होंने संबंधित बीएलओ को सभी अभिलेखों और प्रक्रियाओं को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे और मतदाता सूची में हर योग्य व्यक्ति का नाम समय पर दर्ज हो। निरीक्षण कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आईएमए सरगुजा ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) सरगुजा शाखा द्वारा संघ की अद्यतन संरक्षक एवं पदाधिकारी सूची का औपचारिक रूप से घोषणा की गई है। यह नई टीम संगठन की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं जन उन्मुख बनाने के उद्देश्य से गठित की गई है।

आईएमए सरगुजा अध्यक्ष डॉ. अजय तिर्की और सचिव डॉ. अर्पण सिंह चौहान ने बताया कि कार्यकारिणी में संरक्षकों में डॉ. डीडी अग्रवाल, डॉ. एमपी अग्रवाल, डॉ. शमसुद्दुहा, डॉ. जेके सिंह, डॉ. एसएस सिंह, डॉ. अनिल प्रसाद, डॉ. भल्ला, डॉ. पीके श्रीवास्तव, डॉ. एमके जैन, डॉ. शैलेंद्र गुप्ता, डॉ. अंजू गोयल, डॉ. सेंगर, डॉ. भूटानी, डॉ. एलपी सोनी, डॉ. सिस्टर बिट्राटिक और डॉ. एके जायसवाल के नाम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पदाधिकारियों में अध्यक्ष के रूप में डॉ. अजय कुमार तिर्की, सचिव के रूप में डॉ. अर्पण सिंह चौहान तथा कोषाध्यक्ष के रूप में डॉ. अजय गुप्ता पूर्व में ही विधिवत नियुक्त हो चुके हैं। इसी क्रम में उपाध्यक्ष पद पर डॉ. योगेंद्र सिंह गहरवार, डॉ. परमानंद अग्रवाल, डॉ. अल्का सिंह एवं डॉ. सुषमा रवि, संयुक्त सचिव पद पर डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा एवं डॉ. मधु कुमारी एक्का, संयुक्त कोषाध्यक्ष पद पर डॉ. साकेत जैन एवं डॉ. प्रतीमा वर्मा, खेल सचिव पद पर डॉ. सुधांशु किरण एवं डॉ. स्नेहा सिंह, संस्कृति सचिव पद पर डॉ. रितेश गुप्ता एवं डॉ. अपेक्शा सिंह गहरवार, त्वरित प्रतिक्रिया सचिव पद पर डॉ. संदीप गुप्ता एवं डॉ. सूर्य भूषण कुशवाहा, शैक्षणिक सचिव पद पर डॉ. आशा बंसल एवं डॉ. आकाश सिंह, मीडिया प्रभारी के रूप में डॉ. दीपक गुप्ता एवं डॉ. विवेक केशरी तथा नर्सिंग होम प्रभारी पद पर डॉ. संदीप त्रिपाठी एवं डॉ. कंचन मांझी भगत को दायित्व प्रदान किए गए हैं। नई टीम जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने, जन-जागरूकता को बढ़ाने तथा समाज तक सुलभ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## पहाड़गांव में खोखनिया बांध पर शुरू हुई बोटिंग सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- पर्यटन को बढ़ावा देने जिला प्रशासन की नई पहल, सूरजपुर कलेक्टर ने आवश्यक सुविधाओं के विकास करने विभाग को दिए निर्देश
- महिला स्व सहायता समूह द्वारा संचालित की जा रही दो 6 सीटर व 4 सीटर बोटिंग सुविधा



जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सूरजपुर कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन में ग्राम पहाड़गांव में बोटिंग सुविधा शुरू की गई है,पहाड़ों के बीच स्थित यह खूबसूरत झील जो खोखनिया बांध निर्माण से बनी है। अपने शांत वातावरण और मनोरम दृश्यों की वजह से तेजी से लोगों को आकर्षित कर रही है। एनएच 43 पर ग्राम सिलफिली के समीप बना यह पर्यटन स्थल प्राकृतिक सौंदर्य के कारण लोकप्रियता प्राप्त कर रहा है।

कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि पर्यटन विकास के लिए यहां सभी सुविधाओं का विस्तार किया जाए,पहाड़गांव में पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए कलेक्टर ने यहां सभी आवश्यक सुविधाओं के विकास के लिए निर्देशित किया है,कलेक्टर ने कहा है कि बोटिंग शुरू होने से स्थानीय लोगों को मनोरंजन की एक नई सुविधा मिली है और आगे पर्यटन गतिविधियों के विस्तार से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे,प्रशासन का लक्ष्य है कि पहाड़ों और झील के सुंदर प्राकृतिक परिवेश को संरक्षित रखते हुए इसे आकर्षक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाए,उन्होंने कहा कि पर्यटन सुविधाओं के विस्तार से न केवल जिले की पहचान बढ़ेगी बल्कि स्थानीय लोगों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। गौरतलब है कि यहां महिला स्व-सहायता समूह द्वारा बोटिंग का संचालन किया जा रहा है,जो महिलाओ की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देगा,कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला खनिज संस्थान न्यास मद से नौका विहार संचालन हेतु ग्राम पहाड़गांव के मुस्कान महिला स्व-सहायता समूह को 6 सीटर मोटर बोट और 4 सीटर पैडल बोट प्रदान किए गए हैं,नाव संचालन की शुरुआत 20 नवंबर से किया गया है,जिसके पूर्व समूह की महिलाओं को नाव संचालन का प्रशिक्षण भी दिया गया, नौका विहार के शुरू होने से न केवल पर्यटकों में उत्साह है बल्कि संचालनकर्ता महिला समूह में भी उमंग है। पर्यटकों के बढ़ने से अब तक समूह को बोटिंग संचालन से 9100 की आय प्राप्त हुई है,समूह की अध्यक्ष सुनीता सिंह ने बताया कि यह शुरुआत निश्चित रूप से महिला सशक्तिकरण के लिए बड़ा अवसर है और जिले में पर्यटन विकास के लिए भी सराहनीय कदम है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

